दिनांक 17.07.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

महापौर परिषद की बैठक सम्पन्न

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के महापौर श्री देवेन्द्र यादव की अनुपस्थिति में महापौर परिषद की बैठक श्री नीरज पाल की अध्यक्षता में 16 जुलाई 2018 को महापौर कक्ष में सम्पन्न हुई। महापौर परिषद के समक्ष बैठक में 3 प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया जिसमें वार्ड 06 सुपेला शीतला तालाब का सौन्दर्यीकरण एवं विकास कार्य, वार्ड 09 आर्यनगर, साकेत नगर एवं पुरानी बस्ती कोहका में डामरीकरण कार्य, निगम भिलाई के विभिन्न विभागों एवं जोन कार्यालय में कम्प्युटर ऑपरेटर उपलब्ध कराने का कार्य से संबंधित एजेण्डा प्रस्तुत किया गया सभी बिन्दुओं पर विस्तार पूवर्क चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश के साथ महापौर परिषद के उपस्थित सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया ।

महापौर परिषद की बैठक में महापौर परिषद के सदस्य दुर्गा प्रसाद साहू, डा. दीवाकर भारती, जोहन सिन्हा, केशव बंछोर, सूर्यकान्त सिन्हा, नरेश कोठारी, श्रीमती सुशीला देवांगन, श्रीमती सुभद्रा सिंह, सदीरन बानो, निगम सचिव जीवन वर्मा, आयुक्त के प्रतिनिधि के रुप में अधीक्षण अभियंता श्री आर0के0 साहू, विभाग प्रमुख सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

जन सम्पर्क अधिकारी